भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 569**

**03 दिसंबर, 2025 के लिए प्रश्न**

**उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना**

**569. श्री करण भूषण सिंह:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) परिवारों और प्राथमिकता प्राप्त परिवारों (पीएच) की श्रेणियों में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के लाभार्थियों की जिले-वार संख्या कितनी है;

(ख) उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए स्थापित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) की जिले-वार संख्या कितनी है; और

(ग) उत्तर प्रदेश में उचित मूल्य की दुकानों पर टिन प्लेट लगाने की जिले-वार स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क):** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई), उत्तर प्रदेश राज्य सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्यान्वित की जा रही है। इस अधिनियम में उत्तर प्रदेश राज्य की 79.56% ग्रामीण और 64.43% शहरी आबादी को निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करने का प्रावधान है, जो 2011 की जनगणना के अनुसार 1520.59 लाख व्यक्ति हैं।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य में पीएमजीकेएवाई के अंतर्गत कवर किए गए लाभार्थियों की संख्या इस प्रकार है:-

| **लाभार्थी (लाख में)** | | | |
|---|---|---|---|
| **एएवाई** | | **पीएचएच** | **कुल** |
| **परिवारों की संख्या** | **लाभार्थियों की संख्या** | **लाभार्थियों की संख्या** | |
| 40.90 | 132.91 | 1365.79 | 1498.70 |

केंद्र सरकार द्वारा लाभार्थियों का ज़िलावार डाटा नहीं रखा जाता है।

**(ख):** उर्वरक विभाग (डीओएफ) ने 24 अगस्त, 2022 की अधिसूचना के तहत मौजूदा गाँव, ब्लॉक/उप-ज़िला/तालुक और ज़िला स्तरीय उर्वरक खुदरा दुकानों को आदर्श उर्वरक खुदरा दुकानों, अर्थात् प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। ये पीएमकेएसके, किसानों के लिए बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदि जैसे विभिन्न उत्पादों के लिए वन-स्टॉप-शॉप के रूप में कार्य करते हैं और साथ ही एक ही छत के नीचे उर्वरक/बीज/मृदा परीक्षण, ड्रोन और अन्य कृषि उपकरणों जैसी कृषि क्षेत्र से संबंधित कई सेवाएँ भी प्रदान करते हैं।

खुदरा दुकानों का पीएमकेएसके में रूपांतरण एक सतत प्रक्रिया है। दिनांक 17.11.2025 तक, कुल 1,70,262 खुदरा दुकानों को पीएमकेएसके में उन्नयन किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश में, 39,191 खुदरा दुकानों को पीएमकेएसके में अधयतित किया गया है।

जिलावार प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

**(ग):** उत्तर प्रदेश राज्य की सभी 78422 उचित दर दुकानों में टिन प्लेटें संस्थापित की जा चुकी हैं।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा में "उत्तर प्रदेश में पीएमजीकेएवाई" के संबंध में दिनांक 03.12.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 569 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

जिला-वार प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों को दर्शाने वाला विवरण: -

| **उत्तर प्रदेश में जिला-वार बनाए गए पीएमकेएसके** | | |
|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **जिले का नाम** | **विकसित पीएमकेएसके की संख्या** |
| 1 | आगरा | 682 |
| 2 | अलीगढ़ | 890 |
| 3 | अंबेडकर नगर | 653 |
| 4 | अमेठी | 363 |
| 5 | अमरोहा | 446 |
| 6 | औरैया | 402 |
| 7 | अयोध्या | 644 |
| 8 | आजमगढ़ | 770 |
| 9 | बागपत | 208 |
| 10 | बहराइच | 794 |
| 11 | बलिया | 573 |
| 12 | बलरामपुर | 468 |
| 13 | बांदा | 210 |
| 14 | बाराबंकी | 1016 |
| 15 | बरेली | 748 |
| 16 | बस्ती | 737 |
| 17 | भदोही | 212 |
| 18 | बिजनौर | 603 |
| 19 | बदायूं | 758 |
| 20 | बुलंदशहर | 733 |
| 21 | चंदौली | 347 |
| 22 | चित्रकूट | 123 |
| 23 | देवरिया | 789 |

| | | |
|---|---|---|
| 24 | एटा | 601 |
| 25 | इटावा | 482 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 619 |
| 27 | फतेहपुर | 490 |
| 28 | फिरोजाबाद | 448 |
| 29 | गौतम बुद्ध नगर | 97 |
| 30 | गाजियाबाद | 113 |
| 31 | गाजीपुर | 693 |
| 32 | गोंडा | 986 |
| 33 | गोरखपुर | 734 |
| 34 | हमीरपुर | 161 |
| 35 | हापुड | 203 |
| 36 | हरदोई | 888 |
| 37 | हाथरस | 409 |
| 38 | जालौन | 233 |
| 39 | जौनपुर | 879 |
| 40 | झांसी | 213 |
| 41 | कन्नौज | 590 |
| 42 | कानपुर देहात | 447 |
| 43 | कानपुर नगर | 404 |
| 44 | कासगंज | 350 |
| 45 | कौशाम्बी | 283 |
| 46 | खेरी | 934 |
| 47 | कुशी नगर | 718 |
| 48 | ललितपुर | 147 |
| 49 | लखनऊ | 331 |
| 50 | महाराजगंज | 612 |
| 51 | महोबा | 110 |
| 52 | मैनपुरी | 651 |
| 53 | मथुरा | 484 |
| 54 | मऊ | 254 |

| | | |
|---|---|---|
| 55 | मेरठ | 453 |
| 56 | मिर्जापुर | 369 |
| 57 | मुरादाबाद | 622 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 384 |
| 59 | पीलीभीत | 763 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 587 |
| 61 | प्रयागराज | 842 |
| 62 | रायबरेली | 717 |
| 63 | रामपुर | 513 |
| 64 | सहारनपुर | 289 |
| 65 | संभल | 537 |
| 66 | संत कबीर नगर | 369 |
| 67 | शाहजहांपुर | 863 |
| 68 | शामली | 167 |
| 69 | श्रावस्ती | 382 |
| 70 | सिद्धार्थ नगर | 704 |
| 71 | सीतापुर | 998 |
| 72 | सोनभद्र | 259 |
| 73 | सुल्तानपुर | 550 |
| 74 | उन्नाव | 697 |
| 75 | वाराणसी | 393 |
| **कुल** | | **39191** |

*****